**Madhya Pradesh State**
**Agricultural Marketing Board**
Kisan Bhawan, 26, Arera Hills, Jail Road,
Bhopal-462011
Office : 0755-2553429

**मध्यप्रदेश राज्य**
**कृषि विपणन ( मंडी ) बोर्ड**
किसान भवन, 26, अरेरा हिल्स, जेल रोड,
भोपाल-462011
कार्यालय : 0755-2553429

Website . www.mpmandiboard.gov.in

क्र./भा.भु.यो./सोयाबीन/2025/1596 दिनांक 29/10/2025

प्रति,

कलेक्टर,
जिला ..................... (समस्त)

विषयः- सोयाबीन फसल नुकसानी में RBC-6(4) अंतर्गत राहत राशि स्वीकृति के प्रकरणों की जानकारी ई-उपार्जन पोर्टल पर प्रविष्टि कराने के संबंध में ।

संदर्भः- म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल का पत्र क्रमांक SAMB/0206/2025-NYN-SAMB (870295) दिनांक 15.10.2025 ।

उपरोक्त विषयांतर्गत संलग्न संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। पत्र के द्वारा सोयाबीन फसल नुकसानी पर RBC-6(4) अंतर्गत स्वीकृत राहत की जानकारी ई-उपार्जन पोर्टल में Crop Loss लिंक पर दिनांक 24.10.2025 तक दर्ज करने हेतु लेख किया गया है।

उक्त के अनुक्रम में अनुरोध है कि सोयाबीन राहत स्वीकृति की आवश्यक प्रविष्टि अविलंब किये जाने हेतु तहसीलदारों को निर्देशित करने का कष्ट करें। जिला अंतर्गत प्रविष्टियां पूर्ण होने पर इस आशय के प्रमाणीकरण के साथ पत्र से अवगत कराएं। सोयाबीन हेतु कोई राहत स्वीकृत नही की जाने की स्थिति में उक्त आशय से पत्र से अवगत कराएं। कृपया उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर दिनांक 31.10.2025 तक पूर्ण कराएं।

**संलग्नः- उपरोक्तानुसार।**

(कुमार पुरुषोत्तम)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड,
भोपाल

क्र./भा.भु.यो./सोयाबीन/2025/1597 दिनांक 29/10/2025

प्रतिलिपिः-

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल।
2. कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय, म.प्र. शासन, मंत्रालय भोपाल।
3. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय भोपाल।
4. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग।
5. राहत आयुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल।
6. संभाग आयुक्त, राजस्व संभाग ...................... (समस्त)।
7. संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, विंध्याचल भवन।
8. संयुक्त/उप संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय ........... (समस्त)।
9. भारसाधक अधिकारी/सचिव, कृषि उपज मंडी समिति ........ (समस्त) जिला म.प्र.।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक<br>
म.प्र. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड,<br>
भोपाल

**मध्यप्रदेश शासन**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग**
**मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल**

क्रमांक/SAMB/0206/2025-NYN-SAMB(870295) भोपाल, दिनांक - 15/10/2025

प्रति

कलेक्टर
जिला - _____ (समस्त)

विषय - सोयाबीन फसल नुकसानी में RBC-6(4) अंतर्गत राहत राशि स्वीकृति के प्रकरणों की जानकारी ई-उपार्जन पोर्टल पर प्रविष्ट कराने के संबंध में।

राज्य शासन द्वारा कृषि उपज सोयाबीन हेतु भावांतर भुगतान योजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। उक्त के अनुक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों में कृषि उपज सोयाबीन फसल नुकसान की स्थिति के कारण प्रभावित कृषकों को RBC-6(4) के अंतर्गत स्वीकृत राहत राशि के प्रकरणों के संबंध में, ई-उपार्जन पोर्टल पर तहसीलदार लॉगिन में उपलब्ध लिंक "Crop Loss (सोयाबीन)" अंतर्गत निम्नानुसार जानकारी प्रविष्ट कराई जाना हैं —

1. किसान का नाम
2. किसान कोड
3. आधार नंबर
4. मोबाइल नंबर
5. खसरा विवरण

अतः निर्देशित किया जाता है कि आपके जिले में सोयाबीन फसल नुकसान के कारण RBC-6(4) के अंतर्गत स्वीकृत राहत राशि के प्रकरणों की उक्तानुसार जानकारी ई-उपार्जन पोर्टल पर दिनांक 24/10/2025 तक अनिवार्य रूप से प्रविष्ट कराई जाए।

उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समयसीमा में पूर्ण कराया जाए।

Digitally signed by
Nishant Warwade
Date: 15-10-2025
16:35:46

(निशांत वरवड़े)
सचिव
मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

क्रमांक/SAMB/0206/2025-NYN-SAMB(870295) भोपाल, दिनांक - 15/10/2025

प्रतिलिपि -

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग।
2. कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन।
3. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग।
4. संचालक, संचालनालय, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग।
5. आयुक्त सह प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
6. SIO, NIC मध्यप्रदेश राज्य इकाई, भोपाल।

सचिव
मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग